ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Dr. Surendra P. Gadewar
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone/✆ : +91-7152-230902

क्रमांक: 104/IQAC/CAS/2026-27/111/812
दिनांक : 02.11.2026

अधिसूचना

विषय: कैरियर प्रोन्नयन योजना (CAS) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के आवेदन प्रस्तुत करने, संवीक्षा एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु समय-सीमा एवं प्रक्रिया निर्धारित करने के संबंध में।

संदर्भ: आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की 21वीं बैठक (दिनांक 13.10.2026) के मद संख्या 6 एवं 20 में लिए गए निर्णय।

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की दिनांक 13.10.2026 को सम्पन्न 21वीं बैठक के मद संख्या 6 एवं 20 में लिए गए निर्णयों के अनुसरण में विश्वविद्यालय के पात्र शिक्षकों के कैरियर प्रोन्नयन योजना (Career Advancement Scheme–CAS) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के आवेदन समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत किए जाने हेतु पोर्टल दिनांक **02 नवंबर 2026** से खोला जा रहा है।

CAS आवेदनों को प्रस्तुत करने, उनके परीक्षण, संवीक्षा एवं संस्तुति तथा अग्रेतर प्रशासनिक कार्यवाही के लिए निम्नलिखित समय-सीमा एवं प्रक्रिया निर्धारित की जाती है।

1. आवेदन एवं अग्रेषण की समय-सीमा

क्र.	**कार्यवाही का स्तर**	**निर्धारित अंतिम तिथि**
1.	आवेदक द्वारा समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना तथा संबंधित साक्ष्यों की हार्ड कॉपी विभाग/केंद्र में जमा करना	**31 दिसंबर 2026**
2.	विभागाध्यक्ष/निदेशक द्वारा आवेदन एवं अभिलेखों का परीक्षण कर अग्रेषित करना	**31 जनवरी 2027**
3.	अधिष्ठाता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा प्रकरण की संवीक्षा एवं संस्तुति सहित आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) को अग्रेषित करना	**31 मार्च 2027**
4.	आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा अभिलेखों की समीक्षा एवं संस्तुति के उपरांत अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रेषित करना (अधिकतम)	**30 जून 2027**

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post - Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail/✉: registrar@mgahv.in, वेबसाइट/**Website:** www.hindivishwa.org

02/11/2026

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Dr. Surendra P. Gadewar
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone/✆ : +91-7152-230902

2. आवेदकों के लिए दिशा-निर्देश

2.1. पात्र शिक्षक समर्थ पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार CAS आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत करेंगे तथा आवेदन से संबंधित सभी आवश्यक एवं प्रामाणिक साक्ष्यों की स्वप्रमाणित हार्ड कॉपी संबंधित विभाग/केंद्र में निर्धारित समय-सीमा के भीतर जमा करेंगे।

2.2. आवेदक यह सुनिश्चित करेंगे कि ऑनलाइन आवेदन में भरी गई समस्त जानकारी तथा संलग्न साक्ष्य सही, पूर्ण एवं प्रामाणिक हों।

3. विभागाध्यक्ष/निदेशक के स्तर पर परीक्षण

3.1. संबंधित विभागाध्यक्ष/निदेशक आवेदक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन एवं हार्ड कॉपी में उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करेंगे तथा पात्रता एवं संबंधित दावों के समर्थन में प्रस्तुत साक्ष्यों की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

3.2. आवेदन अथवा संलग्न अभिलेखों में कोई कमी, त्रुटि अथवा विसंगति पाए जाने की स्थिति में संबंधित आवेदक को लिखित रूप में सूचित किया जाएगा। आवेदक सूचना प्राप्त होने के **10 दिनों के भीतर** अपेक्षित जानकारी अथवा अभिलेख प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

3.3. आवश्यक परीक्षण एवं साक्ष्यों की पूर्ति के उपरांत विभागाध्यक्ष/निदेशक अपनी संस्तुति सहित प्रकरण को संबंधित अधिष्ठाता को दिनांक **31 जनवरी 2027** तक अग्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

4. अधिष्ठाता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा संवीक्षा

4.1. CAS के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा एवं परीक्षण हेतु संबंधित विद्यापीठ के अधिष्ठाता की अध्यक्षता में निम्नानुसार समिति गठित की जाएगी:

क्र.	**समिति के सदस्य**	**पद**
1.	संबंधित विद्यापीठ के अधिष्ठाता	अध्यक्ष
2.	संबंधित विभागाध्यक्ष/निदेशक	सदस्य
3.	कुलपति द्वारा नामित एक बाह्य विषय-विशेषज्ञ	सदस्य
4.	कुलपति द्वारा नामित एक आंतरिक सदस्य	सदस्य
5.	सहायक कुलसचिव, स्थापना एवं सामान्य प्रशासन	सचिव

02/11/2026

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post - Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail/✉: registrar@mgahv.in, वेबसाइट/**Website:** www.hindivishwa.org

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Dr. Surendra P. Gadewar
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone/✆ : +91-7152-230902

4.2. समिति विभागाध्यक्ष/निदेशक द्वारा अग्रेषित CAS आवेदनों एवं संबंधित अभिलेखों का परीक्षण एवं संवीक्षा लागू UGC विनियमों तथा विश्वविद्यालय के प्रचलित नियमों के अनुरूप करेगी।

4.3. समिति आवेदक की पात्रता, निर्धारित मानदंडों की पूर्ति तथा प्रस्तुत साक्ष्यों/अभिलेखों के आधार पर अपना अभिमत एवं संस्तुति अभिलिखित करेगी।

4.4. समिति अपनी संस्तुति सहित समस्त प्रकरणों को दिनांक **31 मार्च 2027** तक आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) को अग्रेषित करना सुनिश्चित करेगी।

5. आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) के स्तर पर समीक्षा एवं संस्तुति

5.1. अधिष्ठाता की अध्यक्षता में गठित समिति से प्राप्त CAS प्रकरणों एवं संलग्न साक्ष्यों की आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा लागू UGC विनियमों एवं विश्वविद्यालय के प्रचलित नियमों के अनुरूप समीक्षा की जाएगी।

5.2. समीक्षा के उपरांत आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) अपना अभिमत/संस्तुति अभिलिखित करते हुए प्रकरण को अग्रेतर आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही हेतु कुलसचिव कार्यालय को प्रेषित करेगा।

5.3. उपर्युक्त प्रक्रिया अधिकतम दिनांक **30 जून 2027** तक पूर्ण करते हुए प्रकरणों को कुलसचिव कार्यालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

6. कुलसचिव कार्यालय के स्तर पर अग्रेतर कार्यवाही

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) से प्राप्त CAS प्रकरणों पर कुलसचिव कार्यालय द्वारा लागू UGC विनियमों एवं विश्वविद्यालय के प्रचलित नियमों के अनुसार आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। प्रोन्नति संबंधी कार्यवाही प्रकरण प्राप्त होने की तिथि से अधिकतम **तीन माह** के भीतर पूर्ण करने का प्रयास सुनिश्चित किया जाएगा।

7. पूर्व अवधि के CAS आवेदनों के संबंध में

7.1. शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पूर्व की अवधि के लिए CAS आवेदन प्रस्तुत करने के इच्छुक पात्र शिक्षक संबंधित अवधि के PBAS आवेदन के साथ CAS आवेदन किए जाने हेतु आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) को अनुरोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे।

7.2. दिनांक **25 अक्टूबर 2025 तक** आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) को प्राप्त पूर्ववर्ती CAS आवेदनों के निस्तारण के उपरांत ही वर्तमान सत्र के नए CAS आवेदनों पर IQAC द्वारा अग्रेतर कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

02/11/2026

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post - Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail/✉: registrar@mgahv.in, वेबसाइट/**Website:** www.hindivishwa.org

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Dr. Surendra P. Gadewar
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone/✆ : +91-7152-230902

विश्वविद्यालय के समस्त विद्यापीठों/विभागों/केंद्रों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष/निदेशक तथा संबंधित शिक्षक उपर्युक्त समय-सीमा एवं प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करें, ताकि CAS के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं निस्तारण निर्धारित अवधि में किया जा सके।

यह अधिसूचना/परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार)
02/11/2026

प्रतिलिपि:

1. कुलपति सचिवालय, सूचनार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता, विद्यापीठ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक, विभाग/केंद्र।
4. निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC)।
5. सहायक कुलसचिव, स्थापना एवं सामान्य प्रशासन।
6. प्रभारी, लीला विभाग – विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।
7. समर्थ पोर्टल प्रभारी – आवश्यक तकनीकी कार्यवाही हेतु।
8. कार्यालय प्रति।

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post - Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail/✉: registrar@mgahv.in, वेबसाइट/**Website:** www.hindivishwa.org